एनटीपीसी लिमिटेड में हाइड्रो के लिए क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (आरईडी) और परियोजना प्रबंधन के लिए कार्यपालक निदेशक (ईडी) श्री गौतम देब को 26 अप्रैल, 2025 से नीपको लिमिटेड के बोर्ड में एनटीपीसी  के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

उनके पास विद्युत क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है, जिसमें तापीय, जल विद्युत परियोजनाओं के परियोजना निष्पादन एवं प्रबंधन तथा तापीय परियोजनाओं के संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) में विशेषज्ञता शामिल है।

उन्होंने उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय, दार्जिलिंग से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री, आईआईटी खड़गपुर से औद्योगिक प्रबंधन में एम.टेक और एमडीआई गुड़गांव से व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया है।

श्री गौतम देब ने 1988 में कार्यपालक प्रशिक्षु के रूप में एनटीपीसी में अपना करियर प्रारंभ किया। आरईडी (हाइड्रो) के रूप में अपनी भूमिका में, वे जल विद्युत परियोजनाओं के निष्पादन में तेजी लाने और पंप भंडारण संयंत्रों के माध्यम से क्षमता वृद्धि के लिए एनटीपीसी की पहल को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैं।  कार्यपालक निदेशक (परियोजना प्रबंधन) के रूप में, वे एनटीपीसी के व्यापक परियोजना पोर्टफोलियो की देखरेख करते हैं, जिसमें 15 गीगावाट से अधिक की चालू और आगामी परियोजनाएँ और 60 गीगावाट से अधिक की फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) परियोजनाएँ शामिल हैं।

अपनी वर्तमान भूमिकाओं से पहले, श्री गौतम देब तालचेर ताप विद्युत परियोजना (2x660 मेगावाट) में परियोजना प्रमुख और एनटीपीसी के संयुक्त उद्यम के अंतर्गत उर्वरक इकाई, एचयूआरएल बरौनी में परियोजना निष्पादन एवं प्रबंधन हेतु व्यावसायिक इकाई प्रमुख (बीयूएच) के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने एनटीपीसी फरक्का, कहलगाँव, दादरी, ऊंचाहार और पतरातू सहित कई ताप विद्युत परियोजनाओं में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और निर्माण तथा संचालन एवं रखरखाव दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।